# महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय
MAHARSHI PANINI SANSKRIT EVAM VEDIC VISHWAVIDYALAYA
देवासमार्ग, उज्जैन (मध्यप्रदेश:) 456010
Website-www.mpsvv.ac.in, E-mail : mpsvv.acad@gmail.com

क्र./मपासंवि/विद्या/अकादमिक/ 25/ 625 उज्जैन, दिनांक 25/ 09 /2025

## सूचना

यह सूचित किया जाता है कि आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल के पत्र क्रमांक 954/ 222/आउशि/सम्बद्धता/2025, भोपाल दिनांक 16.09.2025 के परिपालन में सत्र 2026-2027 के लिये नवीन महाविद्यालय/नवीन संकाय/नवीन विषय प्रारम्भ करने हेतु शासन के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 सितम्बर 2025 निर्धारित है। अत: निर्धारित समय सीमा में ऑनलाइन आवेदन/भुगतान करना सुनिश्चित किया जाए।

(प्रो. दिलीप सोनी)
कुलसचिव

क्र. / मपासंविवि / विद्या/अकादमिक/ 25/ 626 उज्जैन, दिनांक 25/ 09 /2025

**प्रतिलिपि –**

1. मान. कुलगुरु जी एवं कुलसचिव जी के निज सहायक, म.पा.सं. वै.वि.वि., उज्जैन।
2. समस्त प्राचार्य /संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय अध्यापन विभाग, म.पा.सं. वै.वि.वि., उज्जैन।
3. विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, अकादमिक/विद्या/वित्त/ स्थापना शाखा / गोपनीय एवं शोध/ आई.टी. सेल/लेखा शाखा, म.पा.सं. वै.वि.वि., उज्जैन।
4. प्राचार्य, सम्बद्ध समस्त अशासकीय महाविद्यालय, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन की ओर सूचनार्थ।
5. गार्ड फाइल हेतु।

डॉ. अखिलेश कुमार द्विवेदी
विद्या/अकादमिक विभाग

कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा, मध्य प्रदेश शासन,
सतपुड़ा भवन, भोपाल–462004
ई–मेल affil-he@mp.gov.in दूरभाष कमांक– 2554763

क्रमांक 984/222/आउशि/संबद्धता/2025. भोपाल, दिनांक 16/09/2025

## //विज्ञप्ति//

विषयः–2026–27 के लिए नवीन निजी महाविद्यालय/नवीन संकाय/नवीन विषय प्रारंभ करने एवं पूर्व संचालित पाठ्यक्रमों की निरन्तरता जारी करने हेतु निर्धारित समय सीमा में ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने बाबत्।

—0—

प्रदेश में नवीन अशासकीय महाविद्यालय/नवीन संकाय/नवीन पाठ्यक्रम/नवीन विषय प्रारंभ करने एवं पूर्व में संचालित अशासकीय महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रमों की निरन्तारता के लिए पूर्णतः ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से अनुमति/अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने संबंधी मार्गदर्शिका द्वारा इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 39/1918/368/ आउशि/ संबद्धता/2019 दिनांक 10.01.2020 द्वारा जारी की गई है जो सत्र 2020–21 से आरम्भ होकर आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगी, को विभागीय वेबसाइट www.highereducation.mp.gov.in पर अपलोड किया गया है।

कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा द्वारा जारी मार्गदर्शिका में वर्णित "पारम्परिक पाठ्यक्रमों के लिए समय सारणी" में अंकित नोट के विरूद्व बिन्दु–2 में स्पष्ट किया गया है कि आवेदन हेतु पोर्टल वर्ष भर खुला रहेगा। इसी अनुक्रम में प्रत्येक वर्ष 30 सितम्बर तक शुल्क भुगतान सहित प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों पर उच्च शिक्षा विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए विचार किया जाता है।

सत्र 2026–27 के लिए नवीन निजी महाविद्यालय/नवीन संकाय/नवीन विषय प्रारंभ करने एवं पूर्व से संचालित पाठ्यक्रमों की निरन्तरता हेतु ऑनलाइन आवेदन करने के लिये पोर्टल दिनांक 01 अक्टूबर, 2024 से आरंभ है। पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 सितम्बर, 2025 निर्धारित है। अतः निर्धारित समय सीमा में ऑनलाइन आवेदन/भुगतान करना सुनिश्चित किया जाए।

"आयुक्त,उच्च शिक्षा द्वारा अनुमोदित"

(डॉ. अखिलेश कुमार शर्मा)
विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश

पृ.क्रमांक 985/222/आउशि/संबद्धता/2025. भोपाल, दिनांक 16/09/2025

प्रतिलिपि–

1. माननीय मंत्री जी,उच्च शिक्षा के विशेष सहायक, भोपाल (म.प्र.)।
2. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन ,उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय भोपाल (म.प्र.)।
3. समस्त क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, क्षेत्रीय कार्यालय, मध्यप्रदेश।
4. कुल सचिव,समस्त विश्वविद्यालय, मध्यप्रदेश.
5. कार्यपालन अधिकारी, एम.पी.ऑनलाईन, भोपाल(म.प्र.)।
6. विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, उच्च शिक्षा, आई.टी.सेल., भोपाल(म.प्र.) –विभागीय वेबसाईट पर प्रदर्शित करने हेतु।
7. प्राचार्य,समस्त शासकीय अग्रणी महाविद्यालय,मध्यप्रदेश।
8. प्राचार्य, समस्त अशासकीय महाविद्यालय मध्यप्रदेश।

—की ओर सूचनार्थ।

विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश

Scanned with OKEN Scanner